आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 13.02.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी फ्रांस की सफल यात्रा संपन्न करने के बाद वशिंगटन पहुंचे।

2. आयकर विधेयक – दो हजार पच्चीस आज लोक सभा में पेश किया जाना है।

3. सी.बी.एस.ई. की दसवीं और बारहवीं की परीक्षाएं पन्द्रह फरवरी से शुरू होंगी।

4. पर्यटन विभाग द्वारा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वीप में ध्वनि और प्रकाश कार्यक्रम आज से पुनः शुरू किया जा रहा है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी फ्रांस की सफल यात्रा सम्पन्न करने के बाद वाशिंगटन पहुंच गए। प्रधानमंत्री मोदी, अमरीका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। डॉनल्ड ट्रम्प के अमरीका के राष्ट्रपति का पदभार ग्रहण करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी अमरीका की यात्रा करने वाले पहले प्रमुख विश्व नेताओं में शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने इससे पहले, पेरिस द्विपक्षीय वार्ता में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉ के साथ भारत–फ्रांस रणनीतिक साझेदारी के लिए मजबूत प्रतिबद्धता व्यक्त की। दोनों नेताओं ने रक्षा, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा की। उन्होंने अगले वर्ष भारत–फ्रांस नवाचार वर्ष पर विशेष ध्यान देने के साथ प्रौद्योगिकी, नवाचार और निवेश संबंधों को प्रोत्साहन देने पर भी चर्चा की। श्री मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति के साथ यांत्रिक मेधा कार्रवाई शिखर सम्मेलन की सह–अध्यक्षता सहित उच्च स्तरीय कार्यक्रमों के बाद मार्से का दौरा किया। दोनों नेताओं ने मार्से में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता भी की।

संयुक्त वक्तव्य में भविष्य में सहयोग की रूपरेखा के अनुरूप परमाणु ऊर्जा, पर्यावरण और संस्कृति क्षेत्रों सहित दस प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। प्रधानमंत्री मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने मार्से में नए भारतीय वाणिज्य दूतावास का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया।

<><><><><><><>

आयकर विधेयक, दो हजार पच्चीस आज लोकसभा में पेश किया जाना है। आयकर से संबंधित कानून को समेकित और संशोधित करने के उद्देश्य से लाया गया यह विधेयक सदन की कार्यवाही में सूचीबद्ध किया

गया है। अपने बजट भाषण में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नया आयकर विधेयक लाने की घोषणा की थी। उन्होंने यह भी घोषणा की थी कि सालाना बारह लाख रुपये तक की आय वाले लोगों को कोई आयकर नहीं देना होगा।

वक्फ (संशोधन) विधेयक, दो हजार चौबीस पर संयुक्त समिति की रिपोर्ट भी आज लोकसभा और राज्यसभा में पेश की जाएगी। संसद के बजट सत्र के पहले भाग का आज आखिरी दिन है।

<><><><><><><>

केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान द्वारा ''आसन्न जलवायु परिवर्तन के तहत पशुधन प्रजनन प्रबंधन'' विषय पर कल इक्कीस दिवसीय ग्रीष्मकालीन स्कूल का उद्घाटन किया गया। आई सी ए आर द्वारा प्रायोजित यह कार्यक्रम चार मार्च तक चलेगा। कार्यक्रम का उद्घाटन क्यारी के निदेशक डॉ. एकनाथ बी. चाकुकर ने किया। इस पहल का उद्देश्य प्रतिभागियों को प्रजनन प्रबंधन रणनीतियों के लिए बहुविशेषयक दृष्टिकोण से लैस करना है। इस कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से बीस प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए डॉ. चाकुरकर ने पशुधन उत्पादन पर जलवायु परिवर्तन के महत्वपूर्ण प्रभाव विशेष रूप से द्वीपसमूह जैसे नाजुक पारिस्थितिकीय तंत्रों पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम का समन्वयन वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पी. पेरूमल और डॉ. आर. आर. एलीथोड़ी द्वारा किया जा रहा हैं। इसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों के अनुकूल ढ़लने में सक्षम और कुशल पशुधन क्षेत्र के निर्माण में योगदान देना है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं और बारहवीं की परीक्षाएं पन्द्रह फरवरी से शुरू होंगी। दसवीं की परीक्षाएं पन्द्रह फरवरी को अंग्रेजी के मुख्य पेपर से शुरू होगी, जबकि बारहवीं की परीक्षाएं पन्द्रह फरवरी को ही एन्टरप्रेनरशिप के पेपर से शुरू होगी, हांलि मुख्य पेपर सत्रह फरवरी से शारीरिक शिक्षा विषय से शुरू होगा। कक्षा दसवीं की परीक्षा अट्ठारह मार्च को कम्प्युटर एप्लीकेशन, सूचना प्रौद्योगिकी, ए आई विषय के साथ समाप्त होगी। कक्षा बारहवीं की परीक्षा चार अप्रैल को मनोविज्ञान विषय के साथ समाप्त होगी। इस वर्ष बारहवीं की परीक्षा में नियमित छात्रों की संख्या चार हज़ार नौ सौ चालीस है और दसवीं की परीक्षा में कुल पांच हज़ार पांच सौ पच्चीस नियमित विद्यार्थी शामिल होंगे। इस वर्ष सी बी एस ई की परीक्षा में द्वीपों से कुल दस हज़ार चार सौ पैंसठ छात्र परीक्षा में बैठेंगे। इसके लिए कुल सैंतालिस परीक्षा केन्द्र बनाए गए है।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग द्वारा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वीप में ध्वनि और प्रकाश कार्यक्रम आज से पुनः शुरू किया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रतिदिन शाम साढ़े पांच बजे आयोजित किया जाता है। इसके लिए टिकट पर्यटन विभाग के वेबसाइट से ऑनलाइन खरीदे जा सकते हैं।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के हैडो स्थित शहरी स्वास्थ्य केन्द्र भवन का मरम्मत का कार्य किया जाएगा। इसके चलते स्वास्थ्य सेवा निदेशक ने यू एच सी को हैडो स्थित ए एन एम स्कूल भवन में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया है।

<><><><><><><>

दक्षिण अण्डमान ज़िला प्रशासन द्वारा अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए एक व्यापक अभियान चलाया। इस अभियान के तहत श्री विजयपुरम में सरकारी भूमि पर किए गए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया है। दक्षिण अण्डमान के उपायुक्त ने आम जनता से अपील की है कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने से बचे। इस संबंध में किसी भी शिकायत या जानकारी के लिए ज़िला नियंत्रणक कक्ष के टेलीफोन नम्बर– 03192 – 240127 अथवा 95 31 88 88 44 पर संपर्क किया जा सकता हैं।

<><><><><><><>

खेल विभाग, तीरंदाजी और क्रिकेट के लिए निःशुल्क कोचिंग शुरू करने जा रहा है। नेताजी स्टेडियम मे आयोजित इस कोचिंग का उद्देश्य स्कूली बच्चों में खेल के विकास को बढ़ावा देना और युवा एथलीटों को अपने कौशल को निखारने के अवसर प्रदान करना है। क्रिकेट के लिए कोचिंग सुबह छः से आठ बजे तक और शाम तीन से साढ़े पांच बजे तक दी जाएगी। तीरंदाजी के लिए सुबह छः से नौ बजे तक और शाम तीन से साढ़े पांच बजे तक कोचिंग कक्षा का आयोजन किया जाएगा। आर्चरी के कोच एन.उमर फारूख ने कहा कि बच्चे इसमें बढ़–चढ़कर हिस्सा ले और द्वीपसमूह का नाम रोशन करें। अधिक जानकारी के लिए नेताजी स्टेडियम अथवा दूरभाष संख्या– 9531929184 पर संपर्क किया जा सकता है।

बाईट–आर्चरी–24 से0

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

कार–निकोबार में व्यावसायिक और कैरियर मार्गदर्शन सत्रों का आयोजन करने के समाचार को द्वीप समाचार ने सचित्र प्रकाशित किया है। अखबार ने समाज कल्याण विभाग में भूकंप पर मॉकड्रिल का आयोजन करने के समाचार को भी प्रकाशित किया है। इस वर्ष द्वीपों से सी बी एस ई की दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में कुल दस हज़ार चार सौ पैंसठ विद्यार्थी शामिल होंगे–द डेली टेलीग्राम्स की बड़ी खबर है। द्वीपों के सांसद बिष्णु पद रे ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की–इको ऑफ इंडिया की खबर है। इग्नू द्वारा पांच मार्च को अड़तीसवां दीक्षान्त समारोह आयोजित करने के समाचार को इंफो इंडिया ने पहले पन्ने के उपरी भाग में जगह दी है। अयोध्या राम मन्दिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास के निधन से संत समाज में शोक छाए जाने के समाचार को भी अखबार ने भीतर के पन्ने में प्रकाशित किया है। पेट्रोल और डीज़ल की कमी से कार–निकोबार के निवासी परेशान– अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी की ब़डी खबर है।

<><><><><><><>